भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1617

08 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

मिशन पूर्वोदय

1617. श्री नव कुमार सरनीया:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मिशन पूर्वोदय का ब्यौरा क्या है तथा इसके किस प्रकार उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विकास हेतु और प्रभावी होने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): मिशन पूर्वोदय में कच्चा इस्पात के क्षमता संवर्धन को समर्थ बनाकर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल तथा आंध्र प्रदेश के भागों के पूर्वी क्षेत्र के विकास को समाहित किया गया है। इससे कच्चा इस्पात की वास्तविक क्षमता को उपयोग में लाने के लिए एकीकृत इस्पात हब के रूप में मूल्यवर्धित इस्पात के उत्पादन को सुसाध्य बनाया जा सकेगा।

****